भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा उत्पादन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 613

20 नवंबर, 2019 को उत्तर के लिए

आयुध निर्माणियों को पीएसयू का दर्जा

613. डॉ. टी.आर.पारिवेन्धर :

श्री ए. गणेशमूर्ति :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विभिन्न राज्यों में कार्यरत सभी 41 आयुध निर्माणियों को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) में बदलने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने इस संबंध में सभी हितधारकों की राय ली है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इन आयुध निर्माणियों में काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या कितनी है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क): जी, नहीं ।

(ख) से (घ): प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ): 01.11.2019 की तारीख तक, आयुध निर्माणी संगठन में कर्मचारियों की कुल संख्या 80,754 है ।

*****